TATA RYERSON LIMITED

(100%)

टाटा राइसन का 2 मि. टन उत्पादन का लक्ष्य

कोलकाता, 9 अगस्त (कासं)। टाटा राइसन ने वर्ष 2008 तक दो मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य रखा है। टाटा राइसन के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वर्ष 2006 में स्टील का कुल उत्पादन एक मिलियन टन है। दो वर्ष के दौरान यह बढ़ कर दोगुना हो जाएगा। कंपनी का टर्न ओवर इस वर्ष 754 करोड़ रुपए है। टर्न ओवर बढ़ा कर 1500 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004-05 के दौरान कंपनी का टर्न ओवर 588 करोड़ था, जो वर्ष 05-06 में बढ़ कर 754 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कुल 28 फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि कंपनी का कुल शेयर बाजार में 53 फीसदी है, जबकि वितरण के क्षेत्र में कंपनी की भागीदारी 60.63 फीसदी है। झारखंड में मित्तल समूह व अन्य कंपनियों द्वारा स्टील के क्षेत्र में कदम रखने के संबंध में पूछे जाने पर चक्रवर्ती ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों के आने पर प्रतियोगिता भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो जाएगी इससे सभी का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत के फरीदाबाद में नया सीआर प्रोसेसिंग की इकाई खोली जाएगी।

टाटा रेयरसन का 1500 करोड़ का कारोबार लक्ष्य

कोलकाता, 9 अगस्त [एजेंसी]।

टाटा स्टील और अमरीका के रेयरसन इंक ने अपने संयुक्त उपक्रम टाटा रेयरसन के कारोबार को वर्ष 2008 तक 1500 करोड़ रुपए एवं इस्पात प्रसंस्करण की क्षमता 20 लाख टन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने का फैसला किया है। टाटा रेयरसन के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने बताया कि कंपनी देश में औद्योगिक खरीदारों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 40 करोड़ रुपए के निवेश से पुणे में एक लाख टन क्षमता वाला एक स्टेनलेस इस्पात प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेगी।

उन्होंने बताया कि कंपनी पश्चिम बंगाल के तालोजा और तमिलनाडु के पोन्डई में एकीकृत इस्पात मिलों के लिए दो लाख टन की क्षमता वाला प्रसंस्करण संयंत्र भी स्थापित करेगी जिसमें 20 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।